सुविचार



कवि और चित्रकार में भेद है। कवि अपने स्वर में और चित्रकार अपनी रेखा में जीवन के तत्व और सौंदर्य का रंग भरता है।

-डॉ. रामकुमार वर्मा

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, गुरुवार, 19 मार्च 2026


### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी समेत दो के खाते से उड़ाए 5.68 लाख II
- नवरात्र आज से, मंदिर सजे और घरों में तैयारी III
- लखनऊ में जांची जाएंगी 4 लाख 80 हजार से अधिक कापियां IV




### रमजान का 29वां दिन

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 4:51 | सुन्नी : 6:21 |
| शिया : 4:40 | शिया : 6:29 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

### शहर में आज



- आर्य नगर में पुनर्निर्मित नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन भवन का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे–7:45 बजे।
- विपिन खंड स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण में जनता अदालत– 10:00 बजे से।
- डालीबाग स्थित के के अपार्टमेंट में लोकरंग फाउंडेशन संस्थान की ओर से महिषासुर मर्दिनी स्त्रोतम एल्बम का नौ कन्याओं द्वारा विमोचन– 4:30 बजे।
- राय उमानाथ बलि प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान और नाट्य संस्था भरत रंग के संयुक्त तत्वावधान में नाटक अहं कृष्ण : अस्मि का मंचन– 6:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# गैरेज में रखे मिले 38 घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर

संवाददाता, सरोजनीनगर

**कालाबाजारी**

- मुखबिर की सूचना पर पूर्ति विभाग ने पुलिस के साथ मारा छापा
- एक बोलेरो पिकअप और एक ट्रक भी जब्त किया गया
- मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद इलियास और युसूफ पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** आपूर्ति विभाग और सरोजनीनगर पुलिस ने मंगलवार की देर शाम हिंद नगर कॉलोनी में एक गैरेज में रखे 38 घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए एक बोलेरो पिकअप और एक ट्रक बरामद भी पकड़ा गया है। तीन आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

टीम ने मुखबिर की सूचना पर एलडीए कॉलोनी की हिन्द नगर कॉलोनी में एक गैराज में छापा मारा। वहां एक ही परिवार के तीन लोग अवैध रूप से अलग-अलग कंपनियों के गैस सिलेंडरों का भंडारण कर कालाबाजारी कर रहे थे। गैराज में 38 घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर मिले, जिन्हें संबंधित गैस एजेंसी के सुपुर्द कर दिया गया। वाहनों को जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया है। पुलिस के मुताबिक मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद इलियास व युसूफ अधिक मुनाफा के लिए घरेलू व व्यावसायिक सिलेंडरों को अवैध रूप जमा किए थे।



कुर्सी रोड फूलबाग कॉलोनी स्थित भारत कंपनी की अशोक गैस एजेंसी के गोदाम पर रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए लगी लाइन। अमृत विचार

## सुबह से लाइन में लगे बाद में बताया आज नहीं आएगी गैस

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में गैस सिलेंडर की मारामारी कम होने का नाम नहीं ले रही है। खास तौर पर इंडेन और भारत की गैस एजेंसियों पर स्थिति खराब है। लालबाग स्थित इंडेन की सहकारी गैस सर्विस पर बुधवार को उपभोक्ता सुबह 8 बजे से खाली सिलेंडर लेकर लाइन में लग गए लेकिन बाद में उन्हें बताया गया कि गैस आज नहीं आएगी। इसके बाद भी उपभोक्ता भरी दोपहर में लाइन में लगे रहे। गैस लेने आए अभय ने बताया कि एक हफ्ते पहले बुकिंग होने के बाद तीन दिन पहले डीएससी नंबर का मैसेज आ गया था। अब गैस मिलने में दिक्कत हो रही है, दो दिन से गैस लेने के लिए दौड़ रहा हूं। एजेंसी के दफ्तर से परची कटाई और सिलेंडर लेने के लिए इंतजार कर रहे थे। बाद में एजेंसी के कर्मचारियों ने बताया कि गैस की गाड़ी आज नहीं आएगी। गौराबाग में भारत की गैस एजेंसी के बाहर भी गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगी रही।

# 13,221 घरों की बिजली काटी, कॉल सेंटर पर किया हंगामा और तोड़फोड़

### 150 से अधिक उपभोक्ताओं ने बोला कॉल सेंटर पर धावा, एक घंटे तक ठप रहा काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** बिजली विभाग की लापरवाही से बुधवार को शहर के 13,221 प्रीपेड मीटर धारकों की बिजली ऑनलाइन काट दी गई। इससे आक्रोशित 150 से अधिक उपभोक्ताओं ने हुसैनगंज स्थित कॉल सेंटर पर धावा बोलकर हंगामा शुरू करने के साथ तोड़फोड़ कर दी। पुलिस के पहुंचने से पहले हंगाकर कर रहे लोग भाग निकले। हंगामे के कारण करीब एक घंटे तक कॉल सेंटर में कामकाज ठप रहा। जानकीपुरम, गोमतीनगर और अमौसी जोन के हजारों उपभोक्ताओं ने भी उपकेंद्रों पर जाकर अचानक बिजली काटने पर नाराजगी जताई। इन उपभोक्ताओं की भी अधिकारियों और कर्मचारियों से तीखी नोंकझोक हुई।

जानकीपुरम जोन में एक महिला उपभोक्ता ने मुख्य अभियंता वीपी सिंह के कक्ष में पहुंचकर जमकर नाराजगी जताई। महिला का आरोप था कि स्मार्ट मीटर लगाते समय उसे प्रीपेड में न बदलने का आश्वासन दिया गया था। बावजूद उसके मीटर को आनन-फानन में बदल दिया गया। इस संबंध में सेंट्रल जोन के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया कि निगेटिव बैलेंस वाले 43 हजार के करीब उपभोक्ता है। इन्हीं उपभोक्ताओं की बिजली काटी जा रही है। कुछ अराजक तत्व बिजली इस्तेमाल करते थे, लेकिन बिल नहीं भरते थे। वही लोग उपद्रव करने में शामिल थे। सीसीटीवी फुटेज से इन उपद्रवियों की पहचान कर आगे सुनिश्चित कराई जाएगी। सेंट्रल जोन के अधिशासी अभियंता (रेड) सुशील कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह चेकिंग के दौरान 61 कटे कनेक्शनों की जांच हुई। इसमें 42 में बिजली बंद मिली, वहीं 3 उपभोक्ता चोरी से बिजली जलाते पकड़े गए। इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है।



बिजली काटने के विरोध में कॉल सेंटर पर हंगामा करने वाले उपभोक्ताओं की भीड़। अमृत विचार

### सुबह 8 से 10 बजे तक चला कनेक्शन काटने का अभियान

■ लखनऊ मध्य जोन में ही 5,140 उपभोक्ताओं की बिजली काटी गई। अन्य जोनों में भी अभियान चला जिसमें अमौसी : 2,841, गोमतीनगर : 2,724, जानकीपुरम 2,506 सहित कुल 13,221 कनेक्शन डिस्कनेक्ट किए गए।

### बिजली बहाली के लिए विशेष तकनीकी टीम तैनात की गई

■ गोमतीनगर जोन के मुख्य अभियंता सुशील गर्ग ने बताया कि जोन में इंजीनियर और इंटेली स्मार्ट कंपनी के कर्मचारियों की तकनीकी टीम गठित की गई है। ये टीम उन उपभोक्ताओं के घर जाएगी, जिनकी बिजली बिल जमा करने के बावजूद नहीं आई।

### 1912 हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें : एमडी

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी रिया केजरीवाल ने बुधवार को 33 केवी जीएसआई उपकेंद्र और 11 केवी वटिकल महानगर कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपभोक्ता शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए 1912 हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाने के निर्देश दिए। एमडी ने साफ रूप से कहा कि शटडाउन ब्रेकडाउन से संबंधित सभी शिकायतों को अप्पवी ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप से 1912 हेल्पलाइन से मैप किया जाए, ताकि उनकी प्रभावी निगरानी और त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होने 11केवी वर्टिकल महानगर कार्यालय के निरीक्षण भी किया।

### उपभोक्ताओं ने बयां की हकीकत

"हमारे पोस्टपोड बिजली कनेक्शन को अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के प्रीपेड कनेक्शन में बदल दिया गया। इसके साथ ही बिना सूचना के ही सुबह 9 बजे बिजली काट दी गई। तब से उपकेंद्र और अधिकारियों से समस्या का समाधान करने की गुहार लगा रहे है। रीचार्ज कराने के तीन घंटे बाद भी घर में अंधेरा है।"
–पीयूष, मुंशीपुलिया इंदिरानगर

"प्रीपेड मीटर समस्या बन गए है। रीचार्ज कराने के बाद भी सप्लाई नहीं मिलती। अधिकारियों और हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत करने पर भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। आखिकार उपभोक्ता अपनी समस्या लेकर कहां जाए।"
–दिलीप कशयप, ठाकुरगंज

"22 फरवरी को मीटर रीचार्ज कराने के बाद कर्मचारियों ने मार्च के अंतिम सप्ताह में रीचार्ज कराने के लिए कहा। इन सबके बावजूद आज सुबह 10 बजे लाइट काट दी गई। उपकेंद्र पर पैसा जमा करने के बाद भी हमारे घर की सप्लाई को चालू नहीं किया गया है। अधिकारियों ने जल्द सप्लाई चालू होने का आश्वासन दिया, लेकिन घंटो निकल गए बिजली नहीं आई।"
–पवन श्रीवास्तव, सेक्टर–25 इंदिरानगर

"पहले 800 का बिल महीने में जमा कर देते थे। जब से कनेक्शन प्रीपेड हो गया तो पहले 800 जमा करो तो कभी 900। फिर भी लाइट काट दी जाती है। इन समस्याओं की शिकायत अधिकारियों से करने के बाद भी समस्या का निदान नहीं हो रहा है।"
–अखिलेश गौतम चौक

## एलडीए की बोर्ड बैठक कल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण की 20 मार्च को बोर्ड बैठक होगी। अधिकारियों ने बैठक की तैयारी तेज कर दी है। योजनाओं के प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। बैठक बजट आधारित होगी। इसमें मुख्य रूप से आवासीय योजनाओं के लिए बजट स्वीकृत किया जाएगा। बुधवार को एलडीए में बोर्ड बैठक की तैयारी की गई।

## नगर निगम सदन की विशेष बैठक 22 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025-26 तथा मूल बजट वर्ष 2026-27 पर विचार-विमर्श के लिए सदन की विशेष बैठक 22 मार्च को सुबह 11 बजे से लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में होगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्यकारिणी से पास बजट को मंजूरी दी जाएगी।

# अप्रैल से कई और वार्डों में झाड़ू लगाएगी एलएसए

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- अभी डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के साथ जोन एक के 6 वार्डों में है सफाई की जिम्मेदारी
- दो दर्जन वार्डों में सहमति पत्र मिलते ही शुरू करेगी सफाई

**अमृत विचार :** पहली अप्रैल से लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) कंपनी कई और वार्डों में झाड़ू लगाने का काम शुरू कर देगी। अभी कंपनी पांच जोनों के 77 वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के साथ कूड़ा प्रबंधन और जोन 1 के 6 वार्डों में सफाई कर रही है। कंपनी की ओर से कई और वार्डों के पार्षदों से सफाई के लिए बात चल रही है। पार्षदों से सहमति पत्र मिलते ही 1 अप्रैल से कंपनी कई और वार्डों में रोड स्वीपिंग का काम भी संभाल लेगी।

दरअसल लखनऊ स्वच्छता अभियान रामकी को नगर निगम के जोन 1, 3, 4, 6 और जोन 7 में कूड़ा प्रबंधन की जिम्मेदारी मिली थी। लेकिन नगर निगम ने पार्षदों के विरोध के कारण कंपनी को रोड स्वीपिंग का काम नहीं दिया था। इन वार्डों में नगर निगम खुद कार्यदाई संस्थाओं के माध्यम से सफाई करा रहा है। जनवरी 2026 से कंपनी जोन 1 के 6 वार्डों में पार्षदों से सहमति पत्र मिलने के बाद रोड स्वीपिंग कर रही है। एलएसए कंपनी के प्रोजेक्ट हेड अभय रंजन ने बताया कि कई वार्डों के पार्षदों से वार्ता चल रही है। करीब 2 दर्जन वार्डों के पार्षदों से सहमति पत्र मिलने की उम्मीद है। सहमति पत्र मिलने के बाद यहां भी कंपनी रोड स्वीपिंग शुरू कर देगी। उन्होंने बताया कि जोन 1 और 6 में संकरी गलियां हैं। इसलिए यहां अभी मैनुअल सफाई कराई जाएगी।

# केजीएमयू में पत्नी से साफ कराया बेड पर फैला बुजुर्ग मरीज का खून

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सोते समय कैथेटर निकलने से होने लगा था रक्तस्राव
- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, शुरू हुई जांच

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के गांधी वार्ड में भर्ती 80 वर्षीय मरीज का कैथेटर निकलने से रक्तस्राव होने लगा। रक्तस्राव रोकने के बजाए स्टाफ पर मरीज की पत्नी से खून साफ कराया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद संस्थान प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।

दिल और सांस संबंधी गंभीर बीमारी से ग्रसित गोंडा के गया प्रसाद को 10 मार्च को भर्ती कराया गया था। परिजनों के मुताबिक, 13 मार्च की रात सोते समय कैथेटर निकल गया, जिससे रक्तस्राव शुरू हो गया। आरोप है कि सूचना देने के बावजूद डॉक्टर, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ ने तत्काल उपचार नहीं किया। उल्टा मरीज की बुजुर्ग पत्नी से ही बेड पर बह रहा खून साफ कराया। रुई से खून साफ करते हुए महिला का वीडियो वायरल हो गया।

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना था कि रक्तस्राव के दौरान परिजनों ने स्टाफ को मरीज के पास जाने से रोक दिया था। कर्मचारियों ने तत्काल पीआरओ और उच्च अधिकारियों को सूचना दी। अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित किया, जिसके बाद मेडिसिन विभाग के डॉ. दीपक की टीम ने नया कैथेटर लगाया। प्रवक्ता के अनुसार, उपचार के बाद मरीज की हालत में सुधार हुआ और 15 मार्च को उसे छुट्टी दे दी गई। साथ ही नियमित फॉलोअप के लिए बुलाया गया है।

मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र आतम ने वायरल वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी है। घटना की रात ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्स से जवाब तलब किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सिटी ब्रीफ

## आज छाएंगे बादल बूंदाबांदी के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर और आस-पास आज कहीं-कहीं बादल छाये रहेंगे और बूंदाबांदी हो सकती है। इसके साथ ही 40-50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसका अनुमान जताया है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

## विद्युत सेवा आयोग का भवन सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृहकर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ नगर निगम ने सीलिंग व कुर्की की कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को जोन-4 के विभव खंड, गोमती नगर में विद्युत सेवा आयोग का भवन सील कर दिया। विद्युत सेवा आयोग पर 11 लाख 16 हजार 789 रुपये का गृहकर बकाया था।

## महापौर सुषमा खर्कवाल से मिले नामित पार्षद

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैंप कार्यालय में बुधवार को नामित पार्षदों ने महापौर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात की। महापौर ने सभी नवनियुक्त पार्षदों को बधाई दीं। महापौर से मिलने वाले नामित पार्षदों में रूपचंद्र अग्रवाल, पुरुषोत्तम पुरी, नेहा सिंह राठौर किशन पाल एवं अखिलेश गिरी शामिल रहे।

## मार्ग प्रकाश विभाग का स्टोर बालाकदर में शिफ्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर स्थित मार्ग प्रकाश विभाग का स्टोर लालबाग स्थित बालाकदर में शिफ्ट हो गया है। इसके अलावा मुख्य अभियंता आरआर मनोज प्रभात के कार्यालय के कर्मचारियों को भी बालाकदर में कमरा मिल गया है। बुधवार से कर्मचारी कार्यालय में बैठने लगे। इसके अलावा केंद्रीय कार्यशाला में कबाड़ हो चुका सामान भी बालाकदर में पहुंचाया गया है। इसके लिए यहां खाली जगह दी गई है।

## मौसमी बीमारियों के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऐशबाग स्थित रेलवे पॉली क्लीनिक में स्वास्थ्य जागरूकता बैठक हुई। इसका उद्देश्य रेलकर्मियों व उनके परिजनों को मौसमी बीमारियों के प्रति सचेत करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। अपर मंडल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय तिवारी ने टाइफाइड बुखार, गर्मियों में फैलने वाली बीमारियों तथा उनकी रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। बैठक में वरिष्ठ मण्डल चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजना सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी और रेलकर्मी उपस्थित रहे।

**परेशानी** | एक महीने स्लाट खाली न होने का हवाला देकर मरीजों को टरकाया जा रहा

# लॉरी की अव्यवस्था बढ़ा रही दिल के मरीजों का दर्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कॉर्डियोलॉजी में दिल के मरीजों को इलाज के लिए लंबी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। यहां ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने में मरीजों के दिल का दर्द बढ़ रहा है। एक माह तक स्लॉट खली न होने का हवाला देकर उन्हें टरकाया जा रहा है। वहीं ऑफलाइन में रोजाना महज 100 पंजीकरण होने से मरीजों को दिक्कत का सामान करना पड़ता है। वेटिंग कम करने में संस्थान प्रशासन नाकाम है।

लारी कॉर्डियोलॉजी में पुरे प्रदेश के आलावा कई अन्य राज्यों से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। यहां ऑनलाइन अपॉइनमेंट और ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था है। ऑनलाइन 250 और ऑफलाइन पंजीकरण के महज 100 मरीज ही देखे जाते हैं। ऑनलाइन अपॉइनमेंट वाले जो मरीज किसी कारण से नहीं पहुंच पाते हैं उस संख्या में ऑफलाइन पंजीकरण वाले मरीज बढ़ा लिए जाते हैं। ऑनलाइन में एक माह की वेटिंग होने के मरीज रात से ही लाइन लगाने को मजबूर हो रहे हैं। प्रवक्ता डॉ. केक सिंह का कहना है कि लारी की वेटिंग कम करने के लिए समीक्षा की जा रही है। जल्द ही मरीजों को राहत मिलेगी।

**केस 1** माल के कौशल कुमार (65) को दिल में स्टेंट पड़े हैं। उन्हें फॉलोअप के लिए दिखाना पड़ता है। कौशल ने बताया 11 मार्च को वह ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के लिए जारी दो हेल्पलाइन नंबरओं पर चार घंटे में करीब 30 से अधिक कॉल की। काफी प्रयास के बाद कॉल लगी। जिस पर बताया गया कि अगले माह आठ तारिक का स्लॉट बुक हो सकता है। इस पर न्य मरीज दिखाने का अनुरोध किया गया। जवाब में नया और पुराने दोनों मरीजों के लिए ही एक माह तक की वेटिंग बताई गई।

**केस 2** राजेंद्र नगर निवासी प्रज्ञा ने बताया कि उन्हें अपनी सास को दिखाना था। ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के लिए बुधवार की सुबह करीब 11 बजे कई बार हेल्पलाइन नंबर पर कॉल की। कई बार प्रयास के बाद नंबर लगा। बताया गया कि अभी कोई स्लॉट खाली नहीं है। इसके लिए एक सप्ताह बाद दोबारा से कोशिश करें।



लॉरी कॉर्डियोलॉजी में पंजीकरण की लाइन में लगे तीमारदार। अमृत विचार

# पीजीआई में संक्रमण रोकथाम पर कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई में बुधवार से नर्सिंग अधिकारियों और नर्सिंग छात्र-छात्राओं के लिए सेंट्रल लाइन एसोसिएटेड ब्लड स्ट्रीम इंफेक्शंस (सीएलएबीएसआई) की रोकथाम पर दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य अस्पतालों में संक्रमण के खतरे को कम करना और स्वास्थ्यकर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करना है।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को वेनस कैथेटर और पेरिफेरल इंट्रावेनस कैथेटर की सही देखभाल और रखरखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अस्पताल संक्रमण नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने संक्रमण रोकथाम के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

अस्पताल प्रशासन विभाग के कार्यवाहक प्रमुख डॉ. ज्ञान चंद ने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए रोगाणुहीन (स्टेराइल) प्रथाओं का पालन बेहद आवश्यक है।

वहीं, पीजीआई के सीएमएस डॉ. देवेंद्र गुप्ता और एमएस डॉ. राजेश हर्षवर्धन ने स्वास्थ्यकर्मियों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी संक्रमण के जोखिम को बढ़ा सकती है। उन्होंने जोर दिया कि मरीजों को इंजेक्शन या अन्य उपचार देते समय पूरी सावधानी बरतना जरूरी है।

कार्यशाला के माध्यम से नर्सिंग स्टाफ को व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर मरीजों की सुरक्षा और बेहतर उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## सिटी ब्रीफ

### किशोरी से दुष्कर्म, विरोध में बेल्ट से पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिगवां थानाक्षेत्र में शौच के लिए जा रही किशोरी से गांव के युवक ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर गाली-गलौज कर बेल्ट से मारा। पीड़ित पिता ने तहरीर में बताया कि नाबालिग बेटी सोमवार रात घर से शौच के लिए बाहर गई थी। इसी दौरान गांव का ही बृजेश यादव पहले से घात लगाकर वहां बैठा था। आरोपी ने किशोरी को अकेला देख उसे पकड़ लिया। शोर मचाने की कोशिश की तो मुंह दबा दिया। उसके बाद आरोपी बृजेश ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे बेल्ट और लात-घूंसों से पीटा। गाली-गलौज करते हुए आरोपी ने जातिसूचक गालियां भी दीं। पीड़िता के चीखने की आवाज सुनकर परिवारवाले मदद के लिए दौड़े। परिजन को आता देख आरोपी किशोरी को धमकाते हुए मौके से फरार हो गया। परिजन बेटी को घर लेकर पहुंचे। मां ने बात की तो उसने आपबीती बतायी। इसके बाद घरवाले बेटी को लेकर महिगवां थाने पहुंचे। पुलिस ने पिता की तहरीर पर बृजेश यादव के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी, मारपीट, एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### झांसा देकर प्रॉपर्टी डीलर से ठगे 13 लाख

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठग ने प्रॉपर्टी डीलर से 13 लाख रुपये ऐंठ लिए। अंसल एपीआई निवासी प्रॉपर्टी डीलर ऋषभ तिवारी ने बताया कि कुछ दिन पहले फेसबुक पर एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आयी। एक्सेप्ट होने पर युवती ने अपना परिचय सिमरन शुक्ला के रूप में दिया। बातचीत में खुद को आर्किटेक्ट बताया। ऋषभ को लगा कि प्रॉपर्टी के कारोबार में आर्किटेक्ट से मदद मिल जाएगी तो बात करने लगे। युवती ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर फंसाया। उसके बाद निवेश और कमीशन के नाम पर कई बार में 13 लाख रुपये ऐंठ लिए।

वहीं, नीलमथा के सेक्टर-बी स्थित विजयनगर निवासी चंदन शर्मा का खाता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में है। साइबर जालसाज ने उनके खाते व क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 94,634 रुपये गायब कर दिए। पीड़ित ने बुधवार को सुशांत गोल्फ सिटी थाने में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### आभूषण चुराने वाले तीन चोर व सर्राफ गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** ज्वैलरी दुकान की रेकी कर गहने चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सैरपुर पुलिस ने तीन चोरों को को गिरफ्तार किया है। एसओ सैरपुर मनोज कोरी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में राहुल राठौर निवासी राम कमलानगर तिवारीपुर रोड जानकीपुरम, विवेक वर्मा निवासी न्यू कालोनी शाहपुर तकिया सैरपुर, राहुल वर्मा निवासी सैरपुर और अजय वर्मा निवासी सैरपुर बाजार लोधी मार्केट हैं। आरोपी राहुल अमेजॉन में नौकरी करता है। आरोपी विवेक की पान की दुकान और अजय वर्मा की ज्वैलरी की दुकान है। चौथा आरोपी राहुल फोटोग्राफी करता है। एसओ ने बताया कि आरोपियों ने 22 जनवरी को रायबरेली के साहगांव के रहने वाले रामदयाल साह की दुकान के बाहर रखा सोने और चांदी के जेवरों से भरा बैग चोरी कर लिया था। कुछ आभूषण अजय ज्वैलर्स के मालिक अजय वर्मा को 1,36,500 रुपये में बेच दिया था। शेष जेवर व रुपये तीनों ने आपस में बांट लिए थे। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### केला लदा ट्रक पलटा चालक बाल-बाल बचा

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाना क्षेत्र में आगरा एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट के पास मंगलवार देर रात करीब 2 बजे कार को बचाने के प्रयास में केला से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में लदा केला (कच्चा माल) सड़क पर बिखर गया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे में ट्रक चालक हिमांशु बाल-बाल बच गया। बताया जा रहा है ट्रक मध्य प्रदेश से केला लादकर जगदीशपुर की ओर जा रहा था।

### दबंगों ने ट्यूबवेल में लगाई आग

**अमृत विचार, काकोरी :** थाना क्षेत्र के लालता खेड़ा गांव में किसान बृजेश कुमार के ट्यूबवेल पर अराजक तत्वों ने आग लगा दी। आग प्लास्टिक पाइप, केबल और कृषि उपकरण सहित लाखों रुपये का सामान जल गया। घटना 17 मार्च की देर शाम को हुई। पीड़ित ने गांव के मनीष कुमार रावत अपने एक अज्ञात साथी पर आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



गोमती नगर स्थित पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद जांच करती डाग स्क्वायड टीम।



पासपोर्ट कार्यालय के अंदर कंप्यूटर रूम की जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

## लविवि में दिया गया गौरैया संरक्षण का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर 1 पर बुधवार को विश्व गौरैया दिवस उत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम चैतन्य वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से वन्यजीव विज्ञान संस्थान के ईआईएसीपी की ओर से आयोजित किया गया। उद्घाटन ओम सिंह और प्रो. अमिता कनौजिया ने किया। मुख्य अतिथि जेपी मौर्य ने पारिस्थितिक संतुलन में गौरैया के महत्व पर जोर दिया। कृष्णानंद राय के देखरेख में साइकिल जागरूकता अभियान भी चला। 256 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# रीजनल पासपोर्ट आफिस को साइनाइड से उड़ाने की धमकी

## दो घंटे तक बीडीएस, डॉग स्क्वायड व गोमतीनगर पुलिस ने की चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **रीजनल पासपोर्ट अधिकारी को सुबह भेजा गया धमकी भरा मेल**
- **मेल में 19 साइनाइड सिलेंडर रखने की लिखी बात**

**अमृत विचार:** गोमतीनगर के विपिनखंड स्थित रीजनल पासपोर्ट कार्यालय को बुधवार को साइनाइड भरे बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी भरा ई-मेल रीजनल पासपोर्ट ऑफिसर की अधिकारिक मेल पर आया। मेल में लिखा था कि पूरे परिसर में 19 स्थानों पर साइनाइड बम रखे गए हैं। दोपहर 2.10 बजे ताबड़तोड़ धमाके होंगे। नाक व मुंह ढककर सभी को बाहर निकाल लें। अगर धमाका बचा सकते हो तो बचा लो।

डॉयल-112 पर धमाके के मेल की सूचना मिलते ही गोमतीनगर इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी, एलआईयू व दमकल की टीमें मौके पर पहुंची। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया। पूरे परिसर को खाली करवा लिया गया। दो घंटे तक मुख्य गेट से लेकर, आरपीओ के ऑफिस, वेटिंग एरिया, पार्किंग एरिया, मेज-कुर्सी के नीचे, अलमारियां खुलवाकर, शौचालय समेत पूरी बिल्डिंग में कोने-कोने की चेकिंग हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से की गई।

### तमिल मुक्ति संगठन ने किया फैसला

- मेल में लिखा गया कि पूरे परिसर में 19 साइनाइड सिलेंडर लगाए गए हैं। ताबड़तोड़ धमाकों से इमारत और लोगों के चीथड़े उड़ जाएंगे। दोपहर 2:10 बजे एक साथ दोपहर ताबड़तोड़ विस्फोट किए जाएंगे। मेल में लिखा है कि हम तमिल मुक्ति संगठन ने यह फैसला किया है कि अब हम चुनाव जैसे लोकतांत्रिक तरीकों को छोड़कर गोलियों व बमों के जरिए मां तमिलनाडु को साफ करेंगे।

इसके साथ ही डॉग स्क्वायड और बीडीएस टीम ने वाहनों और नर्सरी में भी पड़ताल की। हालांकि कोई भी संदिग्ध वस्तु पुलिस व बीडीएस टीम को नहीं मिली। इंस्पेक्टर ने बताया कि मेल सुबह 7:41 मिनट पर रीजनल पासपोर्ट अफसर की अधिकारिक मेल आई-डी पर आई थी। मेल सौरव_बिस्वास21 के नाम की आईडी से आई थी। छानबीन के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। साइबर सेल की मदद से आईपी एड्रेस की मदद से मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी समेत दो के खाते से उड़ाए 5.68 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **मानकनगर व कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज**
- **साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही पुलिस**



**अमृत विचार:** शहर में साइबर जालसाज लगातार लोगों के खातों में सेंध लगा रहे हैं। जालसाजों ने रिटायर्ड सैन्यकर्मी समेत दो के खातों से 5.68 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने मोबाइल पार कर रुपये निकाले तो कहीं दूसरी फर्म में रुपये ट्रांसफर किए। साइबर ठगी के यह मामले मानकनगर व कृष्णानगर के हैं। पुलिस दोनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

बिजनौर के आंबेडकर विवि स्थित शहीद विहार निवासी 64 वर्षीय अजय बहादुर सिंह ने बताया कि 13 फरवरी की सुबह पैतृक गांव मैनपुरी जाने के लिए घर से निकले। अवध बस चौराहे पर बस के इंतजार में काफी भीड़ थी। चौराहा पार करते समय किसी ने मोबाइल निकाल लिया। उन्होंने बेटे को सूचना दी तो उसने सिम ब्लॉक करा दिया। 17 फरवरी को गांव से वापस आए। पीड़ित ने बताया कि सीएसडी कैंटीन लखनऊ से कुछ सामान खरीदा। पेमेंट किया तो वह भी नहीं हुआ। पता चला कि 13 फरवरी से 21 फरवरी के बीच खाते से कई बार में 3.23 लाख रुपये निकले हैं। साइबर क्राइम सेल में शिकायत करने के बाद पीड़ित ने मानकनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

वहीं, कृष्णानगर के मानसनगर निवासी अरुण गुलाटी का खाता केनरा बैंक आलमबाग शाखा में है। साइबर जालसाज ने उनके खाते से कई बार में 2.45 लाख रुपये पार कर दिए। छानबीन करने पर पता चला कि रुपये हैदराबाद स्थित निजी फर्म के यस बैंक के खाते में ट्रांसफर हुए थे। पीड़ित अरुण ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत करने के बाद कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# सेना को मिले 120 अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कॉलेज लखनऊ के ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बुधवार को सीनियर कैडर कोर्स के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान एक कोर्स-समापन परेड कराई गई। इसमें 120 कोर्स एनसीओज ने भाग लिया। जिन्हें ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में प्रशिक्षित किया गया था। यह उच्च पद ग्रहण करके सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा प्रभावी ढंग से निभाने के लिए तैयार हो गए हैं।



समापन परेड का निरीक्षण करते मेजर जनरल विनोद कुमार पात्रा। अमृत विचार

कोर्स-समापन परेड सैन्य सटीकता और पारंपरिक भव्यता से परिपूर्ण थी। इस औपचारिक परेड का निरीक्षण मेजर जनरल विनोद कुमार पात्रा, कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक, ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एएमसी सेंटर और कॉलेज ने किया। मिलिट्री हॉस्पिटल जबलपुर के हवलदार (नर्सिंग असिस्टेंट) लीला राम साहू को कोर्स में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए ''नाइक दीपक सिंह, वीर चक्र रोलिंग ट्रॉफी'' और ''लेफ्टिनेंट जनरल पीवी रामचंद्रन पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया। जनरल अधिकारी ने कहा कि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा, युद्ध और शांति दोनों ही स्थितियों में हमारे सैनिकों को गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# रिटायर्ड अधिकारी के मकान से एक करोड़ के जेवर चोरी

कार्यालय संवादाता, लखनऊ

- **इत्मिनान से खंगाला घर, खाया-पीया फिर कमरे में की शौच**
- **नकदी, एफडी, म्यूचुअल फंड, प्रॉपर्टी के पेपर, एनएससी, कपड़े, टोटियां व अन्य सामान भी गया**
- **तालकटोरा के राजाजीपुरम ए-ब्लॉक की घटना**

**अमृत विचार:** तालकटोरा के राजाजीपुरम ए-ब्लॉक में चोरों ने आवास विकास की रिटायर्ड अनुभाग अधिकारी महिला के बंद मकान को निशाना बनाया। ग्रिल काटकर घर में दाखिल हुए चोरों ने करीब एक करोड़ के जेवर, नकदी, एफडी, प्रॉपर्टी के पेपर समेत अन्य माल चोरी कर लिया। यही नहीं चोरों ने घर में रखा खाने-पीने का सामान खाया। उसके बाद कमरे में ही शौच कर दी। बुधवार सुबह चोरी की जानकारी मिलने पर पीड़िता भतीजे के साथ घर पहुंची। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घर में छानबीन की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।



चोरी के बाद खुली पड़ी आलमारी।

राजाजीपुरम ए-ब्लॉक निवासी करीब 79 वर्षीय प्रेम पांडेय आवास विकास से रिटायर्ड हैं। बेटा विदेश में रहता है। पति के निधन के बाद से प्रेम पांडेय अकेले रहती हैं। स्वास्थ्य सही नहीं होने के चलते वह लाटूश रोड में भतीजे के घर पर रह रही थी। बुधवार सुबह पड़ोसी ने छत का दरवाजा खुला देखा तो कुछ शक हुआ। प्रेम को सूचना दी तो वह भतीजे हरीश के साथ घर पहुंची। मुख्य गेट खोलकर अंदर गयी तो ग्रिल कटी मिली। भीतर गयी तो सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था।

कमरे में गंदगी देख वे बाहर आ गए। हरीश ने चोरी की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही उपनिरीक्षक राघवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और खानापूर्ति कर लौट गए। दोपहर बाद मामले की जानकारी इंस्पेक्टर कुलदीप उपाध्याय को मिली तो वे मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। पीड़िता प्रेम पांडेय ने बताया कि चोर करीब एक करोड़ के जेवर, एक लाख रुपये, 15 बैंक एफडी, म्यूचुअल फंड पेपर, प्रॉपर्टी के पेपर, 20 नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी), नए कपड़े, टोटियां व अन्य सामान ले गए हैं। इंस्पेक्टर कुलदीप उपाध्याय ने बताया कि प्रेम पांडेय की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। मामले की जांच की जा रही है।

# दामाद की हत्या के बाद बेटी को बनाया था बंधक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पुलिस को गुमराह करने का किया था प्रयास, पोर्च में कार के कवर से ढका मिला था शव**
- **पिता की तहरीर पर ससुर, सास, चार सालियों समेत सात पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार:** आशियाना सेक्टर-आई में मंगलवार रात विष्णु यादव (32) की हत्या के मामले में पुलिस ने पिता छेदीलाल की तहरीर पर आरोपी ससुर तीर्थराज सिंह, सास सरोज, चचिया ससुर यज्ञ नारायण सिंह उर्फ नन्हे और चार सालियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी एक साली नाबालिग है। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम में सिर की हड्डी टूटने और अत्यधिक रक्तस्राव होने से मौत की पुष्टि हुई है। पूछताछ में मृतक की पत्नी साक्षी ने बताया कि प्रेम विवाह से पिता और परिजन नाराज थे। रात में विवाद के दौरान पापा और बहनों ने मिलकर विष्णु को पीटना शुरु कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर वह विष्णु को बचाने दौड़ी तो बहनों ने हाथ पकड़ लिया। उसके बाद सभी ने मिलकर विष्णु को मार डाला।



आरोपी ससुर अधिवक्ता तीर्थराज तथा सास सरोज। अमृत विचार

### पॉक्सो एक्ट में एक साल जेल में रहा था विष्णु



- इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि तीर्थराज ने वर्ष 2021 में अपने बेटी साक्षी को भगा ले जाने का केस विष्णु यादव पर दर्ज कराया था। लेकिन दोनों बालिग होने के कारण कोर्ट में शादी रचा ली थी। उसके बाद 12 मई 2024 को ससुर ने विष्णु के खिलाफ वर्ष 2024 मे नाबालिग बेटी को अगवा करने, एससीएसटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जिस आरोप में वह जेल भी जा चुका है। 5 जून 2025 को जेल से छूटकर आया था। मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन था।

### किराएदार बन मकान पर किया था कब्जा

- मोहल्ले वालों का कहना है कि तीर्थराज अच्छा व्यक्ति नहीं है। वह अपनी बेटियों और खुद के वकील होने की धौंस लोगों पर जताता था। कई लोगों के खिलाफ फर्जी रिपोर्ट दर्ज करा चुका है। एक साल पूर्व एक पड़ोसी को चाकू मारा था। मोहल्लेवालों ने बताया कि आरोपी जिस मकान में रहता है। वहां कब्जा किया है। पहले वह किराए पर रहता था। बाद में कब्जा किया।

पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी अधिवक्ता तीर्थराज ने आपसी विवाद बताकर गुमराह करने का प्रयास किया। बोला कि दामाद को मामूली चोट आई है। आपसी विवाद है, वह घर में ही सुलझा लेंगे। हत्या की सूचना के चलते पुलिस जबरन मेनगेट खोलकर घर में दाखिल हुई। इस दौरान पुलिस वीडियो बना रही थी। कमरे में पहुंची तो देखा कि साक्षी को बंधक बनाकर रखा गया था। उसके पैर बांधे गए थे। जिससे कि वह घर से बाहर निकल कर पति की हत्या किए जाने की सूचना मोहल्ले के लोगों को न दे दे। पुलिस टीम को साक्षी और मोहल्ले के एक युवक ने ही विष्णु की पीट-पीटकर हत्या किए जाने की सूचना दी थी। पुलिस ने पहले साक्षी को बंधन मुक्त कराया।

पुलिस को देख साक्षी चिल्लाने लगी कि मुझे और मेरे पति को बचा लीजिए। साक्षी के कहने पर पुलिस ने विष्णु की तलाश शुरू की। पुलिस टीम को पोर्च में कार की आड़ में कार के कवर से खून से लथपथ हालत में विष्णु का ढका हुआ शव मिला। उसकी पैंट एक पैर में फंसा हुआ था। पुलिस के मुताबिक आरोपित तीर्थराज घर के अंदर आने से इसलिए रोक रहा था, जिससे कि शव को ठिकाने लगाया जा सके।

इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि ऑनलाइन कंपनी के डिलीवरी ब्वॉय विष्णु की हत्या करने के बाद आरोपियों ने कपड़े बदल लिए थे। जिससे कि खून के दाग उनके कपड़ों पर न दिखें और वह खुद बेगुनाह बता सकें। पुलिस के पहुंचने पर आरोपियों के चेहरे पर कोई शिकन नजर ही नहीं आ रही थी। आरोपी की बेटी राधा और रत्ना भी अधिवक्ता हैं। बेटी साक्षी ने भी एलएलबी की है।

**ससुरालवालों के बुलाने पर 15 मार्च को लखनऊ आया था विष्णुः** प्रतापगढ़ के सांगीपुर निवासी पिता छेदीलाल यादव ने बताया कि उनका बेटा विष्णु यादव ने चार वर्ष पूर्व आशियाना के सेक्टर-आई निवासी तीर्थराज सिंह की बेटी साक्षी से प्रेम विवाह किया था। दोनों के डेढ़ वर्ष की एक बेटी भी है। ससुरालवालों ने कॉल करके विष्णु यादव, साक्षी और नवासी को मिलने के लिए बुलाया था। तीनों लोग 15 मार्च को लखनऊ पहुंचे। उसने तेलीबाग में कहीं कमरा किराए पर लिया था। मंगलवार करीब 8:30 बजे विष्णु ने छोटे भाई रोहित से बात की थी। उसने बताया था कि साक्षी और बेटी ससुराल में है वह उन्हीं के पास जा रहा है। रात करीब 11 बजे पुलिस ने बेटे की हत्या की सूचना दी। लखनऊ पहुंचकर बहू से बात की तो उसने बताया कि पिता तीर्थराज सिंह, मां सरोज, चाचा यज्ञनारायण सिंह उर्फ नन्हें, चार बहनों राधा, रत्ना, ज्योति और एक नाबालिग बहन ने मिलकर विष्णु की पीटकर हत्या की है।

# फेरी और कबाड़ी वाला बनकर करते थे रेकी, फिर करते थे चोरी

- **गोमतीनगर में शातिर गिरफ्तार, किशोर भी पकड़ा गया**
- **31 ग्राम सोने, दो किलो चांदी के जेवर व करीब तीन हजार रुपये बरामद**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शाहखर्ची के लिए फेरी व कबाड़ी वाला बनकर बंद घरों को निशाना बनाने वाले चोर को गोमतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वारदात में शामिल किशोर को भी पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से 31 ग्राम सोने, दो किलो चांदी के जेवर व 2900 रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस ने छह वारदातों का खुलासा किया है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि 06 मार्च को विरामखंड निवासी सुनील कुमार अवस्थी और 11 मार्च को प्रज्ञा श्रीवास्तव के घर में लाखों की चोरी हुई थी। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी कैद हुए थे। जिसके बाद गोमतीनगर पुलिस के साथ ही सर्विलांस टीम को भी लगाया गया था। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी व उनकी टीम ने विनीत खंड सब्जीमंडी के पास से 16 वर्षीय किशोर व साथी को पकड़ा।

आरोपी संतोष कश्यप उर्फ राहुल कश्यप निवासी बाराबंकी हालपता इस्माइलगंज गाजीपुर है। पूछताछ में आरोपियों ने विभूतिखंड थाना क्षेत्र की चार चोरियों को करने की बात कबूल की। आरोपी संतोष ने कबूला कि वह किशोर और अन्य साथियों के साथ दिन में फेरी वाला बनकर और रात में पॉश इलाकों में घूमते हैं। जिस घर में बाहर से ताला लगा मिलता है। उस घर में चोरी करते हैं। गिरोह में तीन से चार अन्य लोग हैं। जिनकी तलाश पुलिस कर र ही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी संतोष पर छह और किशोर पर चार मामले चोरी के गाजीपुर व चिनहट में दर्ज हैं।

**बाराबंकी में बैंक में सेंध लगाने की थी योजनाः** इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह बाराबंकी में एक बैंक में चोरी की योजना बना रहे थे। इसके लिए वह तैयारी कर रहे थे। गिरोह में लोगों को जोड़ रहे थे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

### ओडिशा व आंध्रा से आ रही 1.83 करोड़ की 733 किलो गांजे की खेप बरामद, दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** ओडिशा व आंध्र प्रदेश से ट्रक में गांजे की खेप लेकर आ रहे दो तस्करों को यूपी एसटीएफ ने मोहनलालगंज इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ट्रक के अंदर से 733 किलोग्राम गांजा व दो मोबाइल बरामद किए हैं। बरामद माल की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 1.83 करोड़ बतायी जा रही है। डीएसपी एसटीएफ धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि मोहनलालगंज के बिंदुवा स्थित महेश प्रसाद डिग्री कॉलेज के सामने दो आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में विनोद कुशवाहा निवासी ग्राम मर्दन नाका लाला भईया का अखाड़ा कोतवाली बांदा व जितेंद्र शिव हरे निवासी ग्राम नेवादा हमीरपुर हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो अंतरराज्यीय स्तर पर मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी करते हैं। ओडिशा व आंध्र प्रदेश में अच्छी क्वालिटी का गांजा पाया जाता है, जिसे कम दामों पर खरीदकर गैंग सरगना उत्तर प्रदेश, बिहार व अन्य राज्यों में महंगे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाया जाता है। यह लोग ओडिशा, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश के रास्ते गांजा की खेप लेकर उत्तर प्रदेश में आते है, जिसे प्रदेश के विभिन्न जनपदों मे सप्लाई करते हैं। आरोपियों के खिलाफ मोहनलालगंज कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

## सिटी ब्रीफ

### आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ:** आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार को अभ्यर्थियों ने आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र के आवास का घेराव किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। अभ्यर्थियों का आरोप है कि 2024 की भर्ती प्रक्रिया में लगातार देरी हो रही है। आवेदन कराने के बाद मामला कोर्ट में चला गया, जहां अब तक 53 तारीखें लग चुकी हैं लेकिन कोई निर्णय नहीं आया। उन्होंने कहा कि सरकारी पक्ष की कमजोर पैरवी के कारण प्रक्रिया अटकी हुई है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से हैं और नौकरी न मिलने से उनकी स्थिति गंभीर होती जा रही है।

### मानवता की सांस्कृतिक धरोहर विषय पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ:** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सहयोग से राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में संगीत नाटक अकादमी की ओर से कला संवाद-10 के अंतर्गत भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र : मानवता की सांस्कृतिक धरोहर विषय पर कला संवाद का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये दोनों ग्रंथ भारतीय सांस्कृतिक चेतना के मूल स्तंभ हैं, जो जीवन-दर्शन और कला-दर्शन के मध्य सशक्त सेतु का कार्य करते हैं। विश्व भूषण ने भगवद्गीता में निष्काम कर्म की व्यावहारिक अवधारणा को स्पष्ट करते हुए मैं की दार्शनिक व्याख्या प्रस्तुत की। प्रो. कुमकुम धर ने रस सिद्धांत की व्याख्या करते हुए स्थायी भाव, विभाव एवं संचारी भावों पर विस्तार से चर्चा की तथा अभिनय के विभिन्न आयामों को स्पष्ट किया। प्रो. शैलेन्द्र गोस्वामी ने भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र के संदर्भ में साधना एवं संगीत के विशेष आयामों पर प्रकाश डाला। संचालन विजय सिंह द्वारा प्रभावी रूप से किया गया।

### पुस्तक मेले में उर्दू की किताबों की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ:** रवीन्द्रालय लॉन में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में हिन्दी और अंग्रेजी किताबों के साथ-साथ उर्दू की किताबें भी पसंद की जा रही हैं। विलायत पब्लिकेशन की उर्दू और अंग्रेजी में प्रकाशित दि स्टेटस आफ वुमेन की ज्यादा मांग है। स्टाल संचालक रियाज हैदर ने बताया कि उर्दू में छपी सैयद मोहम्मद तबातबाई की लिखी किताब इस्लाम और आज का इंसान काफी पसंद की जा रही है। विधायक अनुपमा जायसवाल ने डॉ. राखी बख्शी और मनीष शुक्ल द्वारा सम्पादित पुस्तक अफसाना लिख रहा हूं का विमोचन किया। राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीशचंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष विभा सिंह और लविवि पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. सौरभ मालवीय मौजूद रहे।

### दीन और हम का 10वां दौर सम्पन्न

**अमृत विचार,लखनऊ:** एनुल हयात ट्रस्ट की ओर से रमजान में आयोजित अल्प अवधि के धार्मिक कोर्स दीन और हम का 10वां दौर परीक्षा के साथ सम्पन्न हो गया। युवाओं ने इस कोर्स के प्रति काफी उत्साह दिखाया। बुधवार को 150 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस कोर्स में 300 पंजीकरण हुए, जिनमें से 150 छात्र-छात्राएं परीक्षा के पात्र पाए गए और उन्होंने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया। यह कक्षाएं 16 फरवरी से रोजाना रात रात्रि 8:15 से 9:30 बजे तक शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गईं। इन कक्षाओं में धर्मगुरुओं ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। 22 मार्च को दोपहर 3:30 बजे से विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित गोल्डन पैलेस में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# नवरात्र आज से, मंदिर सजे और घरों में भी तैयारी

## सुबह 6:52 से 10:13 तक घट स्थापना का मुहूर्त, पूजन और व्रत की सामग्री खरीदने को बाजारों में रही भीड़

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र का शुभारंभ गुरुवार 19 मार्च से होगा। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। घटस्थापना से लेकर दर्शन-पूजन के लिए घरों से लेकर मंदिरों तक तैयारी की गई है। घट स्थापना मुहूर्त सुबह 6:52 से 10:13 तक और अभिजित मुहूर्त में सुबह 11:50 से दिन में 12:38 तक श्रेष्ठ है।

शहर में चौथ स्थित कालीजी, कालीबाड़ी मंदिर, संदोहन माता मंदिर, शास्त्रीनगर के दुर्गा मंदिर और कठवारा के चंद्रिकादेवी मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और धार्मिक झांकियों से विशेष सजावट की गई है। प्रमुख मंदिरों के आसपास बैरिकेडिंग लगाने के साथ पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। सीसीटीवी कैमरों से भी नजर रखी जाएगी। दर्शन के लिए महिला और पुरुष अलग-अलग कतारों में लगेंगे।

पूजन और व्रत की सामग्री खरीदने के लिए बुधवार को बाजारों में भीड़ रही। घट के अलावा धूपबत्ती, कपूर, घी, लौंग, हवन सामग्री, नारियल, कलश, आम के पत्ते, चुनरी, चूड़ियां और फूल माला की खरीदारी की गई। मांग बढ़ने से फल और फूलों की कीमतों में उछाल देखा गया। सेब 120 रुपये से बढ़कर 150 रुपये प्रति किलो और केला 50 रुपये दर्जन से 70 रुपये दर्जन तक पहुंच गया है।



अमीनाबाद स्थित दुकान में चैत्र नवरात्र के लिए चुनरी और अन्य पूजन सामग्री खरीदती महिलाएं। अमृत विचार

### विशेष धार्मिक आयोजन और कार्यक्रम

- शास्त्रीनगर स्थित दुर्गा मंदिर शास्त्रीनगर में इस बार नवरात्र के दौरान पांच विशेष सूत्रों पर कार्य किया जा रहा है। इसमें जम्मू की ज्वालादेवी मंदिर से ज्योति लाकर श्रद्धालुओं को तिलक करने की योजना है। साथ ही हिंदू नववर्ष 2083 के अवसर पर ध्वजा वितरण भी किया जाएगा। नौ दिनों तक भजन, पूजा और माता के अलग-अलग श्रृंगार किए जाएंगे। 27 मार्च को भगवान राम का प्रकटोत्सव मनाया जाएगा और विश्व शांति के लिए विशेष यज्ञ आयोजित किया जाएगा, जिसमें ईरान और अमेरिका सहित वैश्विक संघर्षों की शांति की कामना की जाएगी।



अमीनाबाद बाजार में देवी की मूर्ति देखती महिला। अमृत विचार

### दुर्गा सप्तशती और नवार्ण मंत्र का महत्व

- नवरात्र में दुर्गा सप्तशती का पाठ अत्यंत फलदायी माना जाता है। इसके विभिन्न अध्यायों का पाठ अलग-अलग उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाता है जैसे चिंता दूर करने, शत्रु पर विजय, संतान प्राप्ति और मान-सम्मान बढ़ाने के लिए। नवार्ण मंत्र की साधना और नौ दिनों तक अलग-अलग नैवेद्य अर्पित करने की परंपरा भी प्रचलित है। प्रत्येक दिन विशेष भोग चढ़ाने से स्वास्थ्य, दीर्घायु, बुद्धि, सौभाग्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

### मां शैलपुत्री की पूजा का महत्व

- ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। ये मां दुर्गा के नौ रूपों में प्रथम हैं और हिमालय की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। इनका वाहन वृषभ है और ये त्रिशूल तथा कमल धारण करती हैं। घटस्थापना के बाद मां शैलपुत्री की पूजा का विशेष महत्व होता है। उन्हें घी या दूध से बनी खीर का भोग लगाया जाता है। ॐ देवी शैलपुत्र्यै नमः मंत्र का जाप करने से जीवन में स्थिरता, शक्ति और सुख-शांति आती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, वे पूर्व जन्म में सती थीं।

### दुर्गा सप्तशती पाठ से कामनापूर्ति

- प्रथम अध्याय- हर प्रकार की चिन्ता मिटाने के लिए, द्वितीय अध्याय- मुकदमें झगड़ो में विजय के लिए, तृतीय अध्याय- शत्रु से छुटकारें के लिए, चतुर्थ अध्याय- भक्ति शक्ति तथा दर्शन के लिए, पचंम अध्याय- भक्ति शक्ति तथा दर्शन के लिए, षष्ठ अध्याय- डर, शक, बाधा दूर करने के लिए, सप्तम अध्याय- हर कामनापूर्ति के लिए, अष्ठम अध्याय- मिलाप व वशीकरण के लिए, नवम अध्याय- गुमशुदा की तलाश, दशम अध्याय- कामना व संतान प्राप्ति के लिए, एकादश अध्याय- व्यापार, सुख संपत्ति की प्राप्ति के लिए, द्वादश अध्याय- मान-सम्मान लाभ प्राप्ति के लिए, त्रयोदश अध्याय- शक्ति प्राप्ति के लिए।

### भारतीय नववर्ष परंपरा और गौरव का प्रतीक

- **अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय संस्कृति के संवर्धन और विक्रम संवत 2083 के स्वागत के लिए बुधवार को भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति ने निराला नगर के सरस्वती कुंज में सांस्कृतिक महाकुंभ का आयोजन किया। अभिषेक खरे के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भारतीय नववर्ष केवल कैलेंडर का बदलाव नहीं, बल्कि हमारी ऋषि परंपरा और प्रकृति के चक्र का उत्सव है। भाजपा नेता नीरज सिंह ने युवाओं से अपनी परंपराओं पर गर्व करने का आह्वान किया। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, संघ के स्वागत रंजन, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता, कोषाध्यक्ष विमर्श कुमार रस्तोगी, मंत्री संजिव बालाजी श्याम जी अग्रवाल एवं मंत्री उषा अग्रवाल सहित शहर की अनेक गणमान्य विभूतियां शामिल रहीं।



कार्यक्रम में मौजूद ब्रजेश पाठक नीरज सिंह व अन्य।

### नव संवत्सर के स्वागत में निकाली यात्रा

- **अमृत विचार,लखनऊ:** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने संदीप बंसल के नेतृत्व में भारतीय नव संवत्सर के आगमन पर हजरतगंज क्षेत्र में स्वागत यात्रा निकाली। इसका शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अनिल ने किया। बाबा भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति राजकुमार मित्तल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। केडी सिंह बाबू स्टेडियम से झंडों, ढोलबाजों के साथ निकली यात्रा का हजरतगंज क्षेत्र में जगह जगह व्यापारियों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। गांधी प्रतिमा पर सभा के बाद समापन हुआ। महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने बताया कि प्रदेश की महिला महामंत्री एकता अग्रवाल के नेतृत्व में वंदना बंसल समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सेदारी की। अश्वन वर्मा, आकाश गौतम, राजीव कक्कड़, अनुज गौतम, शुभम मौर्य, अमरनाथ चौधरी, विनय अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, संजय निधि अग्रवाल, ललित सक्सेना, पतंजलि सिंह, सनत गुप्ता, कर्मेंद्र सिंह, रमेश शुक्ला, विकास सक्सेना,मलखान सिंह यादव आदि व्यापारी उपस्थित रहे।



स्वागत यात्रा निकालते व्यापारी और अन्य लोग।

### विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने निकाली पदयात्रा

- **अमृत विचार, लखनऊ:** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने अपने कार्यालय से शिव भोला मंदिर तक पद यात्रा निकाली। यात्रा के माध्यम से युवाओं से अपनी जड़ों और संस्कारों से जुड़ने तथा समाज में एकता, सद्भाव और नैतिकता को मजबूत करने का आह्वान किया गया। मंदिर परिसर में हवन कर विश्व शांति, राष्ट्र समृद्धि और मानव कल्याण की कामना की गई। इस दौरान परिषद अध्यक्ष गोपाल राय ने सनातन आयोग की स्थापना की मांग उठाई। पदयात्रा में झांकियां भी शामिल रहीं। परिषद ने सनातन शिक्षा अभियान, मंदिरों को जागरूकता केंद्र बनाने, युवा नेतृत्व प्रशिक्षण, नारी सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण जैसे कई प्रस्ताव भी रखे। कार्यक्रम में साध्वी अर्चना गिरी, साध्वी ज्योति सिंह सहित सैकड़ों लोगों की सहभागिता रही।



हवन करते विश्व हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारी व सदस्य।

# 21 महिला कलाकारों को किया सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को राज्य ललित कला अकादमी की कला वीथिका में 21 महिला कलाकारों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में बरेली, मेरठ, गोरखपुर, आगरा, कानपुर, वाराणसी और लखनऊ में लगाई गई प्रदर्शनी में तीन-तीन कलाकारों की कलाकृतियों को यहां प्रदर्शित किया गया है। इस दौरान 21 कलाकारों को सम्मानित भी किया गया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्र, सदस्य सुनील कुमार सिंह कुशवाहा की मौजूदगी में सभी सात क्षेत्रों के संयोजकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्र, संस्कार भारती काशी प्रांत के संगठन मंत्री दीपक, सदस्य सुनील कुमार सिंह कुशवाहा, निदेशक राज्य ललित कला अकादमी अमित कुमार अग्निहोत्री ने 21 महिला कलाकारों को प्रशस्ति पत्र अंगवस्त्र और 11-11 हजार रुपये भेंट किए। अकादमी की ओर से नामित सभी सात क्षेत्रों की महिला संयोजकों डॉ. अनुराधा आर्या बरेली, डॉ. दिशा दिनेश मेरठ, डॉ. रेखा रानी शर्मा गोरखपुर, डॉ. आभा आगरा, डॉ. शुभम शिवा कानपुर, प्रो. सरोज रानी वाराणसी, किरण सिंह राठौर को भी प्रशस्ति-पत्र एवं अंगवस्त्र भेंट किए गए।डॉ. सुनील ने बताया गया कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत प्रतिवर्ष महिला कलाकारों की प्रदर्शनियों के आयोजन के साथ ही क्षेत्रीय स्तर पर पुरस्कृत करने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।



राज्य ललित कला अकादमी में प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित की गईं महिला कलाकार, साथ में अतिथि और आयोजक।

- राज्य ललित कला अकादमी की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई गई

### इन कलाकारों को किया गया सम्मानित

- लखनऊ से राखी सैनी, अंकिता सिंह व मनीषा सिंह, आगरा / मथुरा से उमा शर्मा, प्रो. बिन्दु अवस्थी एवं पूनम भार्गव, बरेली क्षेत्र से डॉ. शशिबाला राठी, प्रो. पुनिता शर्मा एवं सारिका राय, वाराणसी क्षेत्र से प्रो. जसमिन्दर कौर, डॉ. शारदा सिंह एवं आशा, गोरखपुर क्षेत्र से डॉ. रमा शर्मा, सीता विश्वकर्मा एवं प्राची श्रीवास्तव, कानपुर क्षेत्र से डॉ. पूर्णिमा तिवारी, डॉ. प्रेमकुमारी मिश्रा एवं श्वेता पाण्डेय, मेरठ क्षेत्र से प्रो. अलका तिवारी, प्रो. वन्दना वर्मा एवं तारा शर्मा।

### सपना गोयल के मार्गदर्शन में निकलेगी शोभायात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के मार्गदर्शन में शुक्रवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम मैट्रो स्टेशन से जीपीओ पार्क तक दोपहर 3 बजे हिन्दू नव वर्ष शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें शंखनाद और डमरू वादन करती, झांझ-मंजीरे के साथ पीले वर्ण की साड़ियां धारण कर महिलाएं धर्मध्वज के साथ शामिल होंगी।

### चांद रात पर आने वाला मेहमान अगर खाना खाएगा तो उसका फितरा देना होगा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा 28 रमजान को पूछे गए सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। एक रोजेदार ने पूछा कि क्या फितरा निकालते वक्त नियत करना जरूरी है? इसके जवाब में कहा गया कि इंसान को चाहिए कि वह फितरा निकालते वक्त नियत करे। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि क्या चांद रात में आने वाले मेहमान का फितरा हमको देना पड़ेगा? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि अगर आपके बुलावे पर वह मेहमान आया है और आपके साथ खाना खाता है तो आपको फितरा देना होगा। एक रोजेदार ने पूछा कि अगर किसी शख्स का बेटा दूसरे मुल्क में रहता है तो क्या बाप अपने बेटे का फितरा वतन में दे सकता है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि बाप अपने बेटे का फितरा वतन में दे सकता है मगर बेटा जिस जगह मुकीम है वहां की मुनासिबत से वो फितरा अदा करेगा।

### चिरैया बताएगी शादी लाइसेंस नहीं, संबंधों के लिए पत्नी की सहमति जरूरी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी 20 मार्च से जियो हॉट स्टार पर प्रसारित होने वाली वेब सीरीज चिरैया के निर्देशक शशांक शाह और अभिनेत्री दिव्या दत्ता लखनऊ पहुंचीं। चिरैया के सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि यह पति-पत्नी के सम्बन्धों में आपसी सहमति की जरूरत पर रौशनी डालती है। यह सीरीज यह बताती है कि सिर्फ शादी ही लाइसेंस नहीं है, सहमति बहुत जरूरी है। चिरैया के प्रसारण से पहले लखनऊ में इसकी प्रेस कांफ्रेंस की महत्ता इसलिए ज्यादा है क्योंकि इसे लखनऊ में व्यापक रूप से शूट किया गया। इस वजह से चिरैया का शहर से गहरा जुड़ाव है। इसकी कहानी में यहां की संस्कृति, माहौल और भावनात्मक परतों को खूबसूरती से दर्शाया गया है। यहां दिखाए गये ट्रेलर में चिरैया की कहानी की झलक में जटिल मानवीय रिश्तों और विवाह के भीतर सहमति जैसे अक्सर अनकहे विषय को सामने लाया गया है। चिरैया अपने परिवेश से प्रामाणिकता ग्रहण करती है, जो इसके पात्रों और उनकी यात्राओं को एक सजीव और संवेदनशील रूप में प्रस्तुत करती है। चिरैया मूल रूप से हिंदी में शूट की गई लेकिन इस सीरीज़ को ज्यादा दर्शकों तक पहुंचाने के लिए इसे 11 अन्य भाषाओं बंगाली, मराठी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, भोजपुरी, ओड़िया, गुजराती, हरियाणवी और राजस्थानी में भी डब किया गया है।

## सिटी डायरी




कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर के साथ सीआईआई के अध्यक्ष अभिषेक सर्राफ।

### अभिषेक सर्राफ बने सीआईआई के नए अध्यक्ष, प्रणय उपाध्यक्ष

**अमृत विचार,लखनऊ:** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है। इसमें अभिषेक सर्राफ को अध्यक्ष और प्रणय एस गर्ग को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर आयोजित सत्र में उद्योग और सरकार के बीच संवाद को मजबूत करने पर जोर दिया गया। जिससे प्रदेश को देश की अर्थव्यवस्था के प्रमुख विकास इंजन के रूप में स्थापित किया जा सके। इसके साथ ही सीआईआई ने कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर के साथ एक विशेष संवाद सत्र भी आयोजित किया। इसमें स्वच्छ ऊर्जा, एग्री-टेक, शिक्षा और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और तकनीकी साझेदारी को नई दिशा देने पर भी सहमति बनी।



जेहटा इकाई के पदाधिकारी व अन्य।

### अरुण यादव बने जेहटा इकाई के अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, वरिष्ठ मंत्री सचिन रस्तोगी की देखरेख में बुधवार को जेहटा व्यापार मंडल इकाई का गठन किया गया। इसमें अरुण यादव अध्यक्ष, ओम प्रकाश वरिष्ठ महामंत्री, अभिषेक यादव, सौरभ यादव, कृष्ण कुमार यादव व सुयश अग्रवाल उपाध्यक्ष, राजेश वर्मा, राजू लोधी एवं दिनेश गुप्ता महामंत्री बनाए गए। आशीष प्रताप मौर्य को वरिष्ठ मंत्री, सतीश यादव को मंत्री, अग्रज पटेल को संगठन मंत्री, अंकुर शर्मा को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। विकास पाण्डेय संरक्षक और संजय शुक्ला सलाहकार बनाए गए। संगठन प्रमुख मिश्र ने शुभकामनाएं दीं।



रक्तदान करतीं नर्सिंग छात्राएं, साथ में डॉ तूलिका चन्द्रा व अन्य।

### नर्सिंग विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

**अमृत विचार, लखनऊ:** केजीएमयू में ए और एबी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की कमी के बीच नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने सराहनीय पहल करते हुए रक्तदान किया। बुधवार को आयोजित इस अभियान में कुल 11 छात्रों ने हिस्सा लेकर जरूरतमंद मरीजों की मदद का संकल्प लिया। ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. तूलिका चन्द्रा ने बताया कि नर्सिंग, मेडिकल और अन्य लोगों के सहयोग से खून की कमी की समस्या से निपटने में मदद मिल रही है। डॉ. तूलिका चन्द्रा ने यह भी जानकारी दी कि नवरात्रि के दौरान भी लोग रक्तदान कर सकते हैं। फलाहार के बाद चार घंटे के भीतर रक्तदान करना सुरक्षित है और इससे शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है।




महामंडलेश्वर स्वामी अनंत आनंद सरस्वती महाराज व अन्य।

### भागवत कथा सुनाई

**अमृत विचार, लखनऊ:** चिनहट क्षेत्र के अनोरा कला स्थित वेदांत सत्संग आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में महामंडलेश्वर स्वामी अनंत आनंद सरस्वती महाराज ने कह कि भागवत कथा का मूल तत्व आत्मबोध है और मन के सात्विक व पवित्र हुए बिना ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं है। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्र आनंद सरस्वती महाराज, स्वामी रामानंद सरस्वती, ब्रह्मचारी अमृत चैतन्य जी महाराज व अन्य मौजूद रहे।

## नाटक

अनादि संस्था और उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में हुआ मंचन

# अधुना अलम् अतिभाषणेन् भो : में दिखाया शिक्षा विभाग का भ्रष्टाचार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक संस्था अनादि और उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में नाटक अधुना अलम् अतिभाषणेन् भोः का मंचन किया गया। विद्यालय की पृष्ठभूमि पर नाटक स्कूल वंदना या कुन्देन्दु तुषार हार धवला से प्रारम्भ होता है।

स्कूल के सभी अध्यापक आकर पंक्ति में खड़े हो जाते हैं। इसके बाद सभी अध्यापक स्टाफ रूम में बैठ जाते हैं। स्कूल के प्रधानचार्य स्टाफ रूम में आकर बताते हैं कि नियमानुसार सरकारी आदेश आया है कि स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा खेल - कूद वगैरह की प्रतियोगिता करवाई जानी है। अब हमें ये प्रतियोगिताएं निपटानी है। मैंने आप लोगों की क्षमता को देखते हुए लिस्ट बनायी है कि किसको कौन सी प्रतियोगिता करानी है। अध्यापक विचार विमर्श करते हैं कि इन प्रतियोगिताओं में जो टेंट, साउंड, बच्चों के फ़ूड पैकेट, पानी और मोमेंटो आदि पर जो खर्चा आएगा उसमें आपना कमीशन कितना ज्यादा से ज्यादा बन पायेगा। इतने में स्कूल कि घंटी बजती है सब अध्यापक जाने लगते हैं, तब चपरासी अंदर आकर कहता है मुझे भी कोई काम बतला दो ताकि मैं भी अपने आदमी को काम देकर कमीशन ले सकूं। इस पर सब चौंकते हैं।

अंत में सूत्रधार बताता है कि वर्तमान व्यवस्था में शिक्षा की स्थिति में सुधार केवल कागज़ पर ही संभव है। मुफ्त का खाना, मुफ्त की पढ़ाई, मुफ्त की किताबें और मुफ्त की यूनिफार्म। यह शिक्षा विभाग के लिए एक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह है। ज़रा सोचिए आज लोग आपने बच्चो को सरकारी स्कूल में क्यों नहीं पढ़ना चाहते। क्या वहां अच्छी पढ़ाई नहीं होती या अच्छे अध्यापक नहीं हैं। सब है पर व्यवस्था सही नहीं है। यदि व्यवस्था संभालने वाले आपने बच्चो को सरकारी स्कूल में पढ़ाएं तो उनकी स्थिति आपने आप सुधार जाएगी। शिक्षा के प्रति इस खिलवाड़ पर सभी एक साथ बोलते हैं अधुना अलम् अतिभाषणेन् भोः। नाटक में अनुपम बिसरिया, भूपेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, अज़हर सिद्दीक़ी, अभय सिंह रावत, अभिषेक कुमार, लावण्या बाजपाई और अंजलि वर्मा ने सराहनीय अभिनय किया।



अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### संस्कृत के प्रश्नपत्र में 'पंडित' शब्द पर सवाल, शुरू हुई बहस

**अमृत विचार, लखनऊ :** वह कौन है जो बिना पैर के दूर तक जाता है और साक्षर है, लेकिन पंडित नहीं है। यह प्रश्न उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों के कक्षा सातवीं के संस्कृत के प्रश्नपत्र में पूछा गया है। जिसके विकल्प में बादल, पक्षी, वायु और पत्र दिया गया है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है और लोगों का कहना है कि बार-बार पंडित शब्द को ही क्यों लक्षित किया जा रहा है। तो वहीं संस्कृत के जानकार लोगों का कहना है कि यह पहेलिका पाठ के आधार पर प्रश्न किया गया है जिसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में सम्पन्न उत्तर प्रदेश पुलिस के उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में पंडित शब्द को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। जिसके बाद प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों ने विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इसके तुरंत बाद उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों के कक्षा सात के संस्कृत प्रश्नपत्र में पंडित शब्द पर सवाल करने को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

### चयन वेतनमान लागू न होने पर शिक्षकों का आंदोलन 2 को

**अमृत विचार , लखनऊ :** शिक्षकों ने चयन वेतनमान लागू न किए जाने के विरोध में आंदोलन की घोषणा कर दी है। शिक्षकों के संगठन ने स्पष्ट किया है कि लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे उनमें गहरा असंतोष व्याप्त है। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से बार-बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शिक्षकों का कहना है कि चयन वेतनमान की प्रक्रिया पूर्ण न होने के कारण उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को गंभीर मानते हुए संगठन ने निर्णय लिया है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो 2 अप्रैल को धरना एवं प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल एवं महामंत्री ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है, ताकि शैक्षिक व्यवस्था प्रभावित न हो।

### नए सत्र में बच्चों के ड्रॉप आउट की होगी निगरानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों में नए सत्र का प्रवेश 1 अप्रैल से आरंभ हो रहा है। इस बार प्रवेश लेने के बाद स्कूल से गायब हो जाने वाले बच्चों की ट्रैकिंग करने की व्यवस्था विकसित की जा रही है। इसके लिए बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग प्रदेश में ट्रैकिंग व्यवस्था लागू करेगा। इसमें किसी भी छात्र के स्कूल से लगातार गायब रहने पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचना मिलेगी। यदि कोई छात्र नामांकन के बाद विद्यालय आना बंद करता है या लगातार अनुपस्थित रहता है तो इसकी जानकारी मैसेज से प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान और बीएसए, डीआईओएस तक पहुंच जाएगी। इससे उम्मीद की जा रही है कि बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएंगे और ड्रॉपआउट की समस्या में कमी आएगी। ट्रैकिंग सिस्टम से चिह्नित छात्रों के घर शिक्षकों की टीम जाएगी और अभिभावकों से संवाद कर स्कूल छोड़ने के कारणों की जांच करेगी। इसका कारण आर्थिक, सामाजिक या अन्य होगा तो शासन की योजनाओं से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी ताकि छात्र फिर से पढ़ाई से जुड़ सके।

### छह शोधार्थियों की थीसिस को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में विभिन्न विभागों के छह शोधार्थियों की पीएचडी थीसिस को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि शिक्षा, अंग्रेजी, भौतिकी और वाणिज्य संकाय से जुड़े शोधार्थियों रेनू ओझा, हरि लाल कोरी, शिवम श्रीवास्तव, प्राची सिंह, आशीष कुमार गुप्ता और इना मौर्या को पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) डिग्री के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया है। शिक्षा संकाय की शोधार्थी रेणु ओझा ने दिव्यांग छात्रों की उच्च शिक्षा में खुशी के अनुभवों का विश्लेषण किया है, जबकि आशीष कुमार गुप्ता ने दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए ब्रेल आधारित गणित एवं विज्ञान शिक्षा को बेहतर बनाने पर कार्य किया है। अंग्रेजी विषय में हरी लाल कोरी ने प्रसिद्ध लेखक विक्रम सेठ के साहित्य में सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना को केंद्र में रखा है। वहीं भौतिकी के शोधार्थी शिवम श्रीवास्तव और प्राची सिंह ने मटेरियल साइंस और नैनो टेक्नोलॉजी से जुड़े जटिल पहलुओं पर शोध किया है। वाणिज्य संकाय की इना मौर्या ने निफ्टी में शामिल एफएमसीजी कंपनियों के ईएसजी प्रदर्शन का विश्लेषण कर कॉर्पोरेट क्षेत्र में सतत विकास के पहलुओं को उजागर किया है।

# लविवि में बीबीए और एमबीए के नए पाठ्यक्रम को मिली मंजूरी

## नए परिसर में भी स्थापित होगा डेडिकेटेड प्लेसमेंट सेल, सीएटी स्कोर से होगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज की गवर्निंग बॉडी की बैठक कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। गवर्निंग बोर्ड सदस्यों में आईएचसीएल की उपाध्यक्ष, ब्रांड्स, मार्केटिंग और डेटा वीतिका विक्रांत देवरास और आईआईएम इंदौर के प्रो. पीके सिंह ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। गवर्निंग बोर्ड ने बीबीए प्रवेश परीक्षा के नए पाठ्यक्रम पर चर्चा की और उसे मंजूरी दी। इसके अलावा एमबीए कार्यक्रमों एमबीए (मानव संसाधन), एमबीए (वित्त और नियंत्रण), एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स), एमबीए (मार्केटिंग) और एमबीए (अंतर्राष्ट्रीय व्यापार) में आईआईएम के सीएटी स्कोर के माध्यम से प्रवेश लेने का प्रस्ताव गवर्निंग बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया।

बैठक में स्नातकोत्तर अध्यादेश के अनुसार आईएमएस के एमबीए (सभी पाठ्यक्रम) के नए पाठ्यक्रम को भी गवर्निंग बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया। इस बैठक के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर के शैक्षणिक उन्नयन, प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण और विद्यार्थियों के करियर को नई दिशा देने के लिए कई निर्णय लिए गए।



ये निर्णय संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को वैश्विक मानकों के अनुरूप ले जाने की दिशा में एक ठोस कदम हैं। हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को न केवल डिग्री देना है, बल्कि उन्हें व्यावहारिक कौशल प्रदान कर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

प्रो. जेपी सैनी, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय

**माइनर डिग्री और नए पाठ्यक्रम:** बैठक में आगामी सत्र 2026-27 के लिए पाठ्यक्रमों की नई रूपरेखा पर चर्चा हुई। कुलपति ने एमबीए प्रोग्राम के अंतर्गत एक पृथक माइनर डिग्री शुरू करने को निदेशित किया। इसी क्रम में इंजीनियरिंग संकाय को भी निर्देशित किया गया कि वे अपने तकनीकी पाठ्यक्रमों के साथ माइनर डिग्री का विकल्प प्रदान करें। इन नवाचारी प्रोग्रामों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके मुख्य विषय के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी दक्ष बनाना है, जिससे उनके प्लेसमेंट की संभावनाएं बढ़ सकें।

### बीबीए एलएलबी का एकीकृत पाठ्यक्रम होगा शुरू

- विधि संकाय को सत्र 2026-27 से बीबीए एलएलबी का एकीकृत पाठ्यक्रम शुरू करने के निर्देश दिए गए। इसमें 120 सीटों का प्रावधान होगा। संकायाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि वे विद्या परिषद से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर प्रवेश की प्रक्रिया जल्द सुनिश्चित करें।

### प्लेसमेंट सेल पर विशेष बल

- द्वितीय परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रम मैनेजमेंट, विधि, फार्मेसी और इंजीनियरिंग जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए एक डेडिकेटेड प्लेसमेंट सेल स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। यह सेल विशेष रूप से इन संकायों के छात्रों को कॉर्पोरेट जगत की मांगों के अनुरूप तैयार करेगा। इसके सहयोग के लिए एक छात्र प्लेसमेंट समिति का भी गठन किया जाएगा।

### पर्यटन पाठ्यक्रम विस्तार

- पर्यटन विभाग के विकास पर चर्चा करते हुए कुलपति ने निदेशक (पर्यटन) को अपनी गवर्निंग बॉडी की बैठक कर बैचलर्स इन होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्देश दिया। 60 सीटों वाले इस पाठ्यक्रम को सत्र 2026-27 से प्रारंभ करने की योजना है।

# लखनऊ में जांची जाएंगी 4 लाख 80 हजार से अधिक कापियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परीक्षक हाईस्कूल की 45 और इंटर की 40 उत्तर पुस्तिकाएं जांचेंगे
- यूपी बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं में मिले रुपए तो किए जाएंगे फेल
- पहले दिन जांची गईं कुल 22 हजार 57 उत्तर पुस्तिकाएं

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बुधवार से प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके लिए मंडल स्तर पर कुल 23 जबकि लखनऊ जिले में कुल 5 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। लखनऊ जिले में बोर्ड की ओर से कुल 4,80312 उत्तर पुस्तिकाओं का आवंटन किया गया है। जिसमें हाईस्कूल की 3,38,924 और इंटरमीडिएट की 1,41,388 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना है। मूल्यांकन कार्य के पहले दिन हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कुल 22,057 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया।

यूपी बोर्ड की ओर से आगामी 1 अप्रैल तक समस्त उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लखनऊ के राजकीय इंटर कॉलेज निशातगंज, राजकीय हुसैनाबाद इंटरकॉलेज, राजकीय जुबली इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोमतीनगर और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहमीना रोड को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। इन मूल्यांकन केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या अलग-अलग आवंटित की गई है। जबकि प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र पर परीक्षकों की संख्या 500 से अधिक आवंटित की गई है।




**उत्तर पुस्तिकाओं में मिले रुपए तो नहीं होगी जांच:** यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि यदि उत्तरपुस्तिकाओं में रुपए पाए जाते हैं तो इसे अवांछित सामग्री मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। ऐसी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। यह निर्देश जारी किया जा चुका है।

वहीं कंट्रोल रुम प्रभारी व मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि उत्तरपुस्तिकाओं के पारदर्शी और नियमानुसार मूल्यांकन पर नजर रखी जा रही है। समयसीमा के भीतर मूल्यांकन कार्य सम्पन्न कर लिया जाएगा।

### पहले दिन आधे परीक्षक रहे गायब

- राजकीय इंटर कॉलेज निशातगंज में 563 में से 251 परीक्षक उपस्थित
- राजकीय हुसैनाबाद इंटरकॉलेज 513 में 290 रहे उपस्थित
- राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में 511 में 243 रहे उपस्थित
- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोमतीनगर 649 में 398 रहे उपस्थित
- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहमीना रोड 543 में 342 रहे उपस्थित

# मैराथन में अभिषेक व रूबी ने जीता पहला पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम् प्रो. शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट, एसएस हॉस्पिटल, माय भारत और काव्योम फाउंडेशन के संयुक्त देखरेख में युवा खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में बीबीडी यूनिवर्सिटी ने महर्षि विश्वविद्यालय को हराकर ट्रॉफी जीती।

विजेता टीम को 11,000 रुपये और उपविजेता को 5,500 रुपये दिए गए। पुरुष वर्ग की मैराथन में अभिषेक प्रथम, रवि द्वितीय और सूरज पाल तृतीय रहे। महिला वर्ग में रूबी ने पहला स्थान हासिल किया। विजेताओं को 5000 से 1000 रुपये तक की पुरस्कार राशि, मेडल और प्रशस्ति पत्र दिए गए। पुरुष वर्ग की कबड्डी में भाषा विश्वविद्यालय और महिला वर्ग में नवयुग महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में 16 जिलों से 1100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। संचालन विशाल शुक्ल ने किया और आभार . मंजुला उपाध्याय ने जताया।



मुख्य अतिथि के साथ मेडल, प्रशस्ति पत्र के साथ खिलाड़ी। अमृत विचार

# समन्वय के शतक से ट्रायम्फ की शानदार जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 21वीं बीबीडी ए डिवीजन लीग में बुधवार को खेले गए मुकाबलों में शानदार बल्लेबाजी का जलवा देखने को मिला। पार्थ क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए पहले मैच में ट्रायम्फ क्रिकेट एकेडमी ने आरईपीएल क्रूसेडर्स क्लब को 14 रन से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए ट्रायम्फ क्रिकेट एकेडमी ने 38 ओवरों में सभी विकेट खोकर 239 रन बनाए। टीम की ओर से समन्वय दीक्षित ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 103 गेंदों पर 144 रन ठोके। उनकी इस आतिशी पारी में 14 चौके और 10 छक्के शामिल रहे। आरईपीएल क्रूसेडर्स की ओर से क्षितिज मिश्रा ने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हासिल किए।

वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरईपीएल क्रूसेडर्स क्लब की टीम 38.3 ओवरों में 225 रन पर सिमट गई। प्रिंस मौर्य ने सर्वाधिक 61 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। ट्रायम्फ एकेडमी के लिए फैसल लारी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। शानदार प्रदर्शन के लिए समन्वय दीक्षित को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पेनाल्टी शूटआउट तक चले फाइनल मैच में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ को हराया

**अमृत विचार:** पद्मश्री मोहम्मद शाहिद स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ और स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 3-3 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में स्पोर्ट्स हॉस्टल ने 4-2 से जीत दर्ज करते हुए कुल 7-5 के स्कोर के साथ ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। 12वें मिनट में शाहरुख अली ने फील्ड गोल कर स्पोर्ट्स हॉस्टल का खाता खोला। 24वें मिनट में अजय यादव ने गोल कर स्पोर्ट्स कॉलेज को बराबरी दिलाई। इसके तुरंत बाद 26वें मिनट में करन धानुक ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर हॉस्टल टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ, लेकिन चौथे क्वार्टर की शुरुआत में शाहरुख अली ने अपना दूसरा गोल दागते हुए स्कोर 3-1 कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में मोहम्मद दानिश ने शानदार वापसी करते हुए दो गोल दागे और मुकाबले को 3-3 की बराबरी पर ला खड़ा किया, जिससे मैच टाईब्रेकर में पहुंच गया। टाईब्रेकर में स्पोर्ट्स हॉस्टल के गोलकीपर शिवम कुशवाहा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम के दो प्रयास नाकाम किए और अपनी टीम को 4-2 से जीत दिलाने में कामयाब रहे।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडेय, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रजनीश मिश्रा, रंजीत राज और अविनाश श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स हॉस्टल की विजेता टीम। अमृत विचार

### डिजिटल युग की चुनौतियों पर मंथन

**अमृत विचार , लखनऊ :** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में योग विभाग एवं योग वेलनेस सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 'डिजिटल युग की चुनौतियां एवं संभावनाएं' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की, जबकि मंच पर प्रो. राज शरण शाही, डॉ. दीपेश्वर सिंह, पोलैंड की कटाऱजीना मीक्जनिक एवं आयोजन सचिव डॉ. नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की प्रो. सुषमा पांडेय ऑनलाइन माध्यम से जुड़ीं।

कुलपति प्रो. मित्तल ने कहा कि सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग तभी सार्थक है जब वह ज्ञानवर्धन में सहायक हो। उन्होंने अत्यधिक स्क्रीन टाइम और तकनीक के दुरुपयोग से उत्पन्न अवसाद, चिंता और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याओं पर चिंता जताई।

प्रशिक्षण | सीएसआईआर-सीमैप में मध्यप्रदेश के सतना के किसानों का हुआ प्रशिक्षण

# किसानों ने सीखा गेंदा, गुलाब, रजनीगंधा की खेती का तरीका




प्रशिक्षण के लिए आए सतना के किसान। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सीएसआईआर-सीमैप में मध्यप्रदेश के सतना जिले के किसानों का प्रशिक्षण किया गया। एक दिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों ने एरोमा मिशन और फ्लोरीकल्चर के तहत वैज्ञानिक खेती और मूल्य संवर्धन के गुर सीखे। यह कार्यक्रम सतना के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें जिले के सात ब्लॉकों के किसान शामिल हुए। किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने, फसलों का विविधीकरण और उच्च मूल्य वाली औषधीय, सुगंधित एवं पुष्प फसलों के माध्यम से आय में वृद्धि करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने वाली टीम में डॉ. रक्षपाल सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद पटेल और स्वप्निल श्रीवास्तव शामिल रहे।

किसानों को गेंदा, गुलाब, रजनीगंधा और चमेली जैसी पुष्प फसलों की खेती का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही अश्वगंधा, कालमेघ और तुलसी जैसे औषधीय पौधों की खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में लेमनग्रास, पामारोसा और जेरानियम जैसी सुगंधित फसलों को भी शामिल किया गया, जो आवश्यक तेल और औद्योगिक उपयोग के कारण तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही हैं। खेती तकनीकों के अलावा, कार्यक्रम में मूल्य संवर्धन और "वेस्ट टू वेल्थ" (कचरे से संपत्ति) पर विशेष जोर दिया गया।

किसानों को कृषि अवशेषों से बायोडिग्रेडेबल कटलरी बनाने, वर्मी-कम्पोस्टिंग, मशरूम उत्पादन, तथा गुलाब जल और अगरबत्ती जैसे मूल्य वर्धित उत्पाद तैयार करने के व्यावहारिक प्रदर्शन भी दिए गए। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक ज्ञान और उद्यमशीलता कौशल से सशक्त बनाना था, ताकि वे विविधीकृत कृषि प्रणाली अपनाकर अपनी आय और आजीविका में सुधार कर सकें।

## सिटी डायरी



कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं सीएमएस की छात्राएं।

### सीएमएस के मेधावी छात्र पुरस्कृत

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस व सीएमएस राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस द्वारा आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में छात्रों को सार्वजनिक रूप से प्रशिस्त पत्र व मेडल प्रदान किया गया। इन दोनों ही समारोह में विद्यालय के उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष भर में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। अलीगंज द्वितीय कैम्पस द्वारा गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित 'डिवाइन एजूकेशन कान्फ्रेन्स' का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. दिलीप अग्निहोत्री, राज्य सूचना आयुक्त ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. अग्निहोत्री ने कहा कि बच्चों को प्रारम्भ से ही नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान की जाये। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने कहा कि छात्रों को व्यापक तथा समाजोपयोगी ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित करता है।



फॉरेन लैंग्वेज विवि में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अलका सिंह व अन्य।

### प्राचीन भारत में महत्वपूर्ण रही है महिलाओं की बौद्धिक भागीदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** द इंग्लिस एंड फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी के क्षेत्रीय परिसर में जेंडर सेंसिटाइजेशन, इन्क्लूजिविटी एवं एंपावरमेंट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविधालय की शिक्षिका डॉ. अलका सिंह ने "जेंडर डिस्कोर्सेज इन द इंडियन नॉलेज सिस्टम : टेक्स्ट्स एंड कंटेम्परर इंटरप्रिटेशनस" पर बतौर मुख्य वक्ता व्याख्यान दिया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि जेंडर केवल जैविक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और दार्शनिक अवधारणा है, जो भारतीय ज्ञान परंपरा में गहराई से निहित है। उन्होंने ग्रंथों, महाकाव्यों, सामाजिक मानदंडों, धर्म, सशक्तिकरण और पुनर्व्याख्या के आयामों को स्पष्ट किया।



रोजगार योग्यता परीक्षण आयोजित कार्यक्रम में बोलते वक्ता।

### रोजगार योग्यता परीक्षण आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि में विद्यार्थियों के कौशल विकास और रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोजगार योग्यता परीक्षण का आयोजन केंद्रीय प्लेसमेंट प्रकोष्ठ एवं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय रोजगार अध्ययन पीठ द्वारा आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने कहा कि उच्च शिक्षा का लक्ष्य केवल ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि विश्लेषणात्मक सोच और आत्ममूल्यांकन विकसित करना भी है। विशिष्ट अतिथि हिमांशु सिंह ने बदलती औद्योगिक जरूरतों के अनुसार युवाओं को तैयार करने पर बल दिया। ऑनलाइन परीक्षण में विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता का आकलन किया गया।



अपनी मांगों को लेकर धरना देते छात्र। अमृत विचार

### छात्रों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए नियम लागू करने की मांग को लेकर ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आईसा) और एनएसयूआई ने लविवि गेट संख्या 5 पर प्रदर्शन किया। समता मार्च को प्रशासन ने गेट नंबर 3 पर रोक दिया। प्रदर्शनकारी जिलाधिकारी कार्यालय जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें गाड़ियों में बैठा लिया। छात्रों ने धक्कामुक्की और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। नेताओं ने इसे सामाजिक न्याय की आवाज दबाने की कोशिश बताया।